दिनांक 25 मई 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

होम कंपोस्टिंग के जरिए घर पर बना सकते हैं गीले कचरे से बेहतर खाद, निगम क्षेत्र में कई महिलाएं लॉक डाउन में अपना रही है होम कंपोस्टिंग

भिलाई नगर/ लॉक डाउन में घरों में होम कंपोस्टिंग अपनाकर कई महिलाएं घर पर ही गीले कचरे से बेहतर खाद तैयार कर रही है और इसे अपने बगीचे में पौधों की बढ़वार के लिए उपयोग कर रही है! निगम भिलाई द्वारा यह बताया जा रहा है कि सूखा कचरा नीले डिब्बे में एवं गीला कचरा हरे डिब्बे में रखकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाले को प्रदाय किया जाना है! ताकि सूखा कचरा को पृथक-पृथक करके अन्य माध्यम से निष्पादन किया जा सके तथा गीले कचरे से खाद तैयार कर इसका बेहतर उपयोग किया जा सके निगम के विभिन्न एसएलआरएम सेंटर में यह कार्य किया जा रहा है! परंतु यदि गीले कचरे से घर पर ही खाद तैयार होने लगे तो घर के बगीचे आदि के लिए खाद लेने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी! बहुत से लोगों द्वारा होम कंपोस्टिंग को अपनाया जा रहा है और घर पर ही कंपोस्ट तैयार किया जा रहा है! घरेलू कचरे का निपटान करने के लिए होम कंपोस्ट एक अच्छा माध्यम है, गीले कचरे को कंपोस्ट रूप में परिवर्तित करने के बाद इसका उपयोग फूल , पौधों, सब्जियों, गमलों मे लगे पौधों आदि के बढ़वार के लिए किया जा सकता है जोकि बहुउपयोगी माध्यम है! होम कंपोस्टिंग घर पर ही किया जा सकता है जिसके लिए विशेष तकनीक की आवश्यकता भी नहीं है! निगम द्वारा होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है! घरों में यदि होम कंपोस्टिंग अपनाया जाए तो गीले कचरे से निजात मिल सकती है! घरों से प्रतिदिन गीला कचरा किसी न किसी रूप में निकलता ही है जिसका निष्पादन होम कंपोस्ट को अपनाकर किया जा सकता है! भिलाई निगम द्वारा किचन कंपोस्ट भी तैयार किए गए जिसे कई प्रतिष्ठानों , होटल के व्यवसायियों ने अपनाया है जिसमें गीले कचरे को डालने से बदबू भी नहीं आती है और खाद के रूप में परिवर्तित हो जाता है! होम कंपोस्ट विभिन्न प्रकार के पात्रों में भी किया जा सकता है जरूरी नहीं है की बड़े पात्रों में ही कंपोस्ट तैयार किया जा सके कम खर्चे में भी कंपोस्ट तैयार किया जा सकता है इसके लिए छोटे पात्र जैसे गमले नुमा आकृति के , मटकी, घर मे यदि जगह हो तो छोटा सा पिट बनाकर, विभिन्न प्रकार के पात्रों में तथा गीले कचरे के डालने के बाद कचरा खाद के रूप में परिवर्तित होता है तथा जल्दी खाद भी बन जाता है, इन सभी पात्रों में इस बात का ध्यान रखा जाना है कि इनमें छेद हो ताकि पानी रुक न सके! इन विधियों में से अनेक प्रकार की तरीके इंटरनेट में भी उपलब्ध है, जिनका उपयोग कर घर में खाद बनाने के तरीके की विस्तृत जानकारी ली जा सकती है! प्रतिष्ठानों के लिए किचन कंपोस्ट खाद बनाने का एक बेहतर माध्यम विभिन्न प्रतिष्ठान किचन कंपोस्ट अपनाकर अपने प्रतिष्ठानों में ही खाद तैयार कर रहे हैं! शासकीय कन्या हॉस्टल नेहरू नगर ,

होटल अल लजीज राधिका नगर, होटल शिवप्रसाद सुपेला चौक, अर्जुन दा ढाबा फरीदनगर, सेंट्रल पार्क होटल, फ्लोरेट होटल, गुल्ली होटल, महालक्ष्मी स्वीट्स, लवली पैलेस, आशीष इंटरनेशनल आदि ने किचन कंपोस्ट अपनाया है! निगम के प्रत्येक जोन में किचन कंपोस्ट की उपलब्धता है! इसके साथ ही भिलाई निगम द्वारा 800 से अधिक घरों में होम कंपोस्ट का पात्र वितरित किया गया है !